बॉम्बे डाइंग ने की विस्तार योजना की घोषणा

अहमदाबाद

बॉम्बे डाइंग रिटेल ने वर्ष 2020 तक अपना रिटेल टर्नओवर 1000 करोड़ तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपनी विस्तार योजना की घोषणा की। बेड, बाथ एवं को-ऑर्डिनेट्स सेगमेंट में लीडर कंपनी अब यूथ सेगमेंट पर अधिक फोकस करने जा रही है। बॉम्बे डाइंग के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर नागेश राजन्ना ने कहा कि कंपनी ने आगामी चार वर्ष में अपने ग्राहकों को नए लुक के साथ की ब्रांड के लिए 100 करोड़ रुपए से अधिक का सहयोग दिया है। गो टू मार्केट भारत में 2020 तक 10,000 आउटलेट्स द्वारा अपनी रिटेल पहुंच बढ़ाने के लिए आगे बढ़ेगी। बॉम्बे डाइंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स फ्रेंचाइजीस द्वारा चलते हैं। उसे 200 से बढ़ाकर 500 तक किया जाएगा। जिसमें से 30 कंपनी के आउटलेट्स को एक्सपीरियंस सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि कंपनी ने टेक्नोलॉजी, टैलेंट एवं ब्रांड्स में निवेश किया है। इसके अलावा प्रमोशनल एक्टीविटीज एवं विज्ञापनों पर भी खर्च किया जाएगा। बॉम्बे डाइंग को अपने प्रोडक्ट्स के लिए ऑनलाइन मार्केट प्लेस पर अच्छी सफलता मिली है। यह पोर्टल इस महीने के अंत तक लाइव हो जाएगा।